



शिक्षा संबंधी नम्बर

| | |
|---|---|
| सीएसजेएम वि.वि. | 2570663, 301 |
| सी.एस.ए. | 2534156, 63 |
| जिला विद्यालय निरीक्षक | 2291889 |
| आई.आई.टी. | 2597258 |
| एच.बी.टी.आई. | 2542849 |




## २८ दिन बाद इरफान कोर्ट में पेश, स्वास्थ्य जांच न कराने पर जेल अधीक्षक तलब

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। सपा विधायक इरफान सोलंकी को गुरुवार को कानपुर कोर्ट में पेश किया गया है। बुधवार को उन्हे महाराजगंज जेल से कन्नौज लाया गया था। रात में विधायक को कन्नौज जेल में रखा गया था। दोपहर करीब 12 बजे विधायक को कानपुर में एमपीध्एमएलए कोर्ट में पेश किया गया है। विधायक पर बांग्लादेशी मूल के जासूस को भारतीय होने का प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप है। पेशी के दौरान पहली बार इरफान मुस्कुराते हुए नजर आये।

गुरुवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी का अंदाज बेहद जुदा दिखा। विधायक लगातार मुस्कुराते हुए नजर आए। मीडिया से बात करते हुए विधायक ने सरकार पर तंज कसते हुए शायरी के अंदाज में कहा कि मुद्दई लाख बुरा चाहे क्या होता हैए वही होता है जो मंजूरे खुदाह होता है। सपा विधायक पर दर्ज चार मामलों में सुनवाई हुई।

सपा विधायक इरफान सोलंकी के वकील गौरव दीक्षित ने बताया कि महाराजगंज जेल में इरफान सोलंकी के स्वास्थ्य जांच न कराने को लेकर परिवार द्वारा एमपीएमएलए कोर्ट में शिकायती पत्र दिया गया। इस पर कोर्ट ने महाराजगंज जेल अधीक्षक को तलब कर लिया है। इरफान की पत्नी नसीम ने आरोप लगाए कि विधायक को स्टोन की प्रॉब्लम है उनको लगातार दर्द है। लेकिन जेल प्रशासन ने अल्ट्रासाउंड तक नहीं कराया है। अधिवक्ता गौरव दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को कोर्ट में पेशी के दौरान बांग्लादेशी नागिरक डाण् रिजवान को जो विधायक का लेटर जारी किया गयाए पुलिस ने अभी तक उस लेटर का वैरिफिकेशन तक नहीं कराया है। वहीं इरफान सोलंकी अंग्रेजी में सिग्नेचर करते हैंए जबकि लेटर में हिंदी में सिग्नेचर हैं। अधिवक्ता ने बताया कि लेटर पूरी तरह फर्जी है। 3 मामलों में 13 फरवरी की रिमांड कोर्ट ने दी है। वहीं गैंगस्टर मामले में रिमांड बढ़ाकर 2 मार्च तक की गई है।

जाजमऊ में जमीन कब्जाने के मामले में नसीम आरिफ ने विधायक पर एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें मामले में विधायक का कोर्ट में सरेंडर कराया गया। इस मामले में पुलिस रिमांड नहीं ले रही थी। सरेंडर के बाद पुलिस को रिमांड लेनी पड़ी।

वहीं विमल कुमार ने भी हाजी वसी की शह पर जाजमऊ में जमीन कब्जाने का एक और मामला दर्ज हुआ था। इसमें 13 फरवरी तक रिमांड तक दी गई। वहीं डेढ़ साल बाद थाने से तस्करा निकालकर सरकारी कार्य में बाधा पैदा करने के मामले में दर्ज एफआईआर में भी सुनवाई हुई।

इरफान सोलंकी के वकील गौरव दीक्षित ने बतायाए श्बांग्लादेशी मूल के नागरिक को भारतीय बताने के मामले में पेश किया गया है। पुलिस ने मामले में रिमांड मांगी है। कोर्ट में अभी सुनवाई जारी है। बता दें कि विधायक इरफान सोलंकी पर पुलिस ने अभी तक करीब 17 अपराधिक मामले दर्ज किए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई भी की है।

सपा विधायक को 28 दिन बाद कानपुर सुनवाई के लिए लाया गया है। इससे पहले इरफान को 4 जनवरी को कोर्ट में पेश किया गया था। आज पेशी के दौरान विधायक बेहद शालीन नजर आए। पिछली बार पेशी के दौरान वे काफी परेशान और रोते हुए दिखाई थे। विधायक ने महाराजगंज जेल में प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

## सोना हुआ ६० हजारी

कानपुर। सोने की चाहत रखने वालों को अब सबसे अधिक पैसा खोना पड़ेगा। आज सोना 6 हजारी हो गया। यानी सोने के भाव में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर उन परिवारों पर पड़ेगाए जिन्हें अभी जूलरी बनवानी हैं। शादी.ब्याह का सीजन चल रहा है। सोने का रेट घटने का इंतजार करने वालों के सामने मुश्किल घड़ी आ गई है। अब मजबूरी में सोने के आभूषण खरीदने के लिए जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी। 'ऑल इंडिया जूलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा' ने बताया कि बुधवार रात सोने की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में 1ण्5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इससे हिन्दुस्तान में सोने की दर 6, रुपये 999 प्योरिटी प्रति 1 ग्राम से ऊपर खुलीं। ये सोने का ऑल टाइम हाई प्राइस है। इसमें 3 प्रतिशत जीएसटी भी शामिल है। एमसीएक्स पर सोने का भाव 58,5 रुपये प्रति ग्राम के आसपास चल रहा है। दरअसल अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर में `.25 प्रतिशत की वृद्धि की है। महंगाई को काबू में रखने के लिए अमेरिका में ब्याज दर बढ़ी है। आज रात और कल शाम को अमेरिका में एक और डेटा आने वाला है। इसका असर भी गोल्ड के भाव पर पड़ेगा। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगले 3.4 दिनों में भारतीय रिजर्व बैंक भी ब्याज दर बढ़ा सकता है। तब सोने की कीमतें और भी बढ़ सकती हैं।

पंकज अरोड़ा ने बताया कि 222 में दीपावली के आसपास सोने का भाव 51 से 52 हजार रुपये प्रति 1 ग्राम के आसपास था। यानी दीपावली पर जिन लोगों ने सोने में निवेश किया या गोल्ड जूलरी खरीदी उनका निवेश फायदे में रहा है। पंकज ने साफ किया कि 1 फरवरी को संसद में पेश हुए वित्तीय वर्ष 223-24 के आम बजट का असर चांदी पर पड़ा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट लागू हुआ तो गोल्ड बार पर कस्टम ड्यूटी ओर सेस पहले की तरह ही 15 प्रतिशत रही परंतुए चांदी में इम्पोर्ट ड्यूटी 1.75 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत हो जाएगा। चांदी का भाव अभी ऑल टाइम हाई रेकॉर्ड से कम है। अभी जीएसटी लगाकर चांदी का रेट 73 हजार रुपये किलो के आसपास है जो कोरोना काल के बाद 78 हजार रुपये तक चला गया था। कई जानकार कहते हैं कि इस साल सोने का रेट 62 हजार से 65 हजार रुपये तौला और चांदी का भाव 9 हजार रुपये किलो तक पहुंच सकता है।

**एमसीएक्स पर भाव सोना .. ५८.६०८ रुपये १० ग्राम, चांदी .. ७१.४८० रुपये किलो**

## छह हजार के विवाद में पति को मारडाला

### . घर में ही खोदकर दिया दफ्ना, उसके ऊपर बेड डालकर सो रही थी महिला

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। कानपुर में बिधनू के सुरौली गांव में छह हजार रुपये विवाद में पत्नी ने एम्बुलेंस चालक पति की गमछे से गला कसकर हत्या करने के बाद शव घर में गड्ढा खोदकर दफ्ना दिया। पुलिस ने महिला की निशानदेही पर गड्ढा खोकर शव बरामद कर महिला को गिरफ्तार कर लिया।





गांव में रहने वाला उमेश कुमार यादव 35 निजी एम्बुलेंस चलाता था। अक्सर काम के सिलसिले से बाहर रहता था। घर में पत्नी मोनिका और दो बच्चे रिया 1 व उत्कर्ष 7 रहते हैं। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उमेश मंगलवार की शाम को घर आया। उमेश ने एक भैंस बेची थीए जिसके छह हजार रुपये मोनिका के पास थे। रुपये मांगने को लेकर उमेश और मोनिका के बीच जमकर मारपीट हुई थी। मंगलवार दोपहर को मौका मिलने पर मोनिका ने उमेश की गमछे से गला कसकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को घसीटकर दूसरे कमरे में ले जाकर कच्ची जमीन में गड्ढा खोदकर शव को दफ्ना दिया। किसी को कुछ पता न चले इसके लिए बेड को दफ्नाए हुए स्थान के ऊपर डाल दिया। दो दिन से उमेश के नजर न आने पर मंगलवार को मां शिवदेवी ने पुलिस को सूचना दी।

**आरोपी पत्नी को पुलिसने किया गिरफ्तार**

पुलिस ने मोनिका से सख्ती से पूछताछ कीए तो उसने उमेश की हत्या का रहस्य उगल दिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उमेश का शव गड्ढे से भी बरामद कर लिया। डीसीपी प्रमोद कुमार ने बताया कि महिला के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्जकर उसे गिरफ्तार किया गया है।

## पांच दिन रहेगा कोहरा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। मौसम विभाग ने जैसा अनुमान जताया था वैसा ही हुआ। फरवरी माह के पहले दिन ही सुबह से शाम तक 9ण्3 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं बर्फीली हवाओं ने ठंड बढ़ा दी। धूप निकलने से अधिकतम तापमान ण्8 डिग्री बढ़कर 2 डिग्री पर पहुंच गयाए लेकिन ठंड में कमी नहीं आई। बता दें मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक तेज ठंड पड़ने की भविष्यवाणी की है।

इस बीच न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हवा में अधिकतम नमी की मात्रा 95 और न्यूनतम 65 प्रतिशत रही।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ;सीएसएद्ध के मौसम विभाग प्रमुख डॉ एसएन पांडेय के अनुसार अगले पांच दिन सुबह और शाम घना कोहरा हो सकता है। बर्फीली हवाएं अभी चलती रहेंगी। दिन में मौसम खुला रहेगा लेकिन हवा की वजह से धूप का असर कम होगा।

## कैंसर पर सवाल जवाब रीजेन्सी में ४ को

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 4 फरवरी शनिवार को कैंसर फोरम आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम में रीजेंसी हॉस्पिटल के कई वरिष्ठ डॉक्टर मौजूद रहेंगे। ये डॉक्टर कैंसर से सम्बंधित लोगों के सभी सवालों के जवाब देंगे। इस संबंध में आज हॉस्पिटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जायेगी। कैंसर जैसी घातक बीमारी से पीड़ित लोगों को प्रोत्साहित करने के साथ.साथ उन्हें जागरूक करने के लिए कैंसर सर्वाइवर की कहानियां भी इस फोरम में साझा की जाएंगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ अभिमन्यु कपूर जीआई ऑन्को सर्जनय डॉ रोहित टेकरीवालए ऑन्को सर्जनय डॉ जितिन यादव ऑन्को सर्जनय डॉण् अतुल गुप्ता मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्टय डॉ विकास तलरेजा मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ प्रियंका वर्मा हेमेटोलॉजिस्टय डॉ आशीष कुलश्रेष्ठ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट और डॉ नारायण प्रताप रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट मौजूद रहेंगे।




ये सभी कैंसर बीमारी के संबंध में लोगों के सभी सवालों का जवाब देने के लिए मंच पर उपलब्ध रहेंगे।

डॉ अभिमन्यु कपूर ने कहा भारत में कैंसर के केस लगातार तेज गति से बढ़ रहे हैं। इस तरह के डिस्कसन फोरम से कैंसर की शुरूआती पहचान जोखिम में कमी और देखभाल के बारे में जागरूकता फैलेगी। ऐसे फोरम से कैंसर की रोकथाम और नियंत्रण करने में आसानी होगीश।

डॉ प्रियंका वर्मा ने कहाए लिम्फोइड ल्यूकेमिया के बढ़ने से बच्चो को कैंसर होना भी चिंता का कारण बन गया हैं। कई रिपोर्ट में यह भी पता चला हैं कि 22 की तुलना में 225 में कैंसर के केसों में 12.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी जायेगी।

डॉ जितिन यादव ने कहा अनुवांशिक फैक्टर और परिवार में कैंसर होने के अलावा खराब लाइफस्टाइल और मादक द्रव्यों का सेवन कैंसर होने का प्रमुख कारण हैं। लेटेस्ट लैंसेट के अध्ययन 2 से पता चलता है कि हायर ओवेरियन और अन्य कैंसर से होने वाली मौतें बहुत ज्यादा अल्ट्रा.प्रोसेस्ड भोजन करने से होती हैश्

डॉ आशीष कुलश्रेष्ठ ने बताया यूनाइटेड किंगडम में 197ै से ज्यादा लोगों पर हुए एक नए अध्ययन के अनुसार ज्यादा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ या जंक फूड खाने से कैंसर के होने और इससे मरने का खतरा बढ़ जाता है।

## एमएलसी चुनाव में अरूण पाठक जीत की ओर, शिक्षक एमएलसी चुनाव में राज बहादुर आगे








**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। स्नातक चुनाव में जहां अरूण पाठक चुनाव जीत गए है वहीं शिक्षक एमएलसी चुनाव में निर्दलीय राज बहादुर सिंह प्रथम श्रेणी के वोटो में आगे है। भाजपाईयो ने गिनती के दौरान हंगामा भी मचाया। कानपुर। स्नातक और शिक्षक सीट के लिए मतगणना अब शुरू हो गई है। सुबह से मतों की बंडलिंग बनाने का कार्य चल रहा था। करीब 3 मिनट की देरी से मतगणना का कार्य शुरू हो सका है। बैलेट बॉक्स को एक.एक कर खोला जा रहा है। मतगणना कर्मी वैध मतपत्रों की बंडलिंग कर रहे हैं। अवैध मतपत्रों को अलग रखा जा रहा है। वहीं हर एक टेबल पर प्रत्याशियों के एजेंट भी मतगणना पर अपनी निगाह बनाए हुए हैं। कमिश्नर डा राज शेखर डीएम विशाख जी समेत अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। जिस प्रत्याशी को 5 प्रतिशत वोट मिल जाएंगे। उसी की जीत पक्की हो जाएगी। कानपुर.उन्नाव शिक्षक खंड मतगणना में सिर्फ एक बार ही हंगामा हुआ। बाकी मतगणना शांतिपूर्वक जारी है। पच्चीस.पच्चीस मतों के बंडल बनाए गए हैं। इसके बाद सभी 14 टेबल पर 1.1 मतों के बंडलों को रखा गया है। इसमें से अवैध मतपत्रों को छांटा गया है। शिक्षक में करीब 3 मत अवैध हुए हैं। आरओ की समीक्षा के बाद प्रत्याशियों के सामने दिखाकर मतों को खारिज कर दिया गया। इसके बाद सभी प्रत्याशियों के नामवार अलग.अलग मतपत्र छांटे गए। करीब दोपहर करीब 1 बजे मतों की गिनती शुरू हुई। गिनती शुरू होते ही एंजेंटों ने मतपत्र में लिखे अंकों को लेकर आपत्ति जाहिर की। जिसको प्रशासनिक अफसरों ने तत्काल प्रत्याशियों और एंजेंटों को समझा कर शांत कराया। इस तरह बारी.बारी करीब 1 घंटे तक हर टेबल पर शोर.शराबा होता रहा। शाम 4 बजे तक 2 राउंड पूरे हुए। इसमें राजबहादुर सिंह चंदेल को करीब 27 भाजपा प्रत्याशी वेणुरंजन भदौरिया को करीब 21 और हेमराज गौर को करीब 11 मत प्राप्त हुए हैं। शिक्षक एमएलसी की मतगणना के दौरान टेबल नंबर 12 में एक अलग लाल कलर का बैलेट पेपर निकलने से एजेंट ने हंगामा काट दिया। जिलाधिकारी ने पहुचकर पत्र की जांच की तो अलग बैलेट पेपर निकला। जिसे गिनती से बाहर किया गया। तब जाकर लोग शांत हुए। अभी मत पत्रों के 25.25 के बंडल बनाये जा रहे हैं। इसके बाद इनवैलिड मतपत्र बाहर निकाले जाएंगे इसके बाद गिनती शुरू होगी। स्नातक मतगणना का कार्य समय से शुरू हो गया था। स्नातक सीट पर पहले राउंड की गिनती के बाद अरुण पाठक आगे चल रहे हैं। सुबह 8 बजे मतों की बंडलिंग करने में करीब 8 घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। शाम 5 बजे के बाद पहले राउंड की गिनती पूरी की गई। जिसमें भाजपा प्रत्याशी अरुण पाठक आगे चल रहे हैं। स्नातक सीट पर 86.396 मतों की गणना की जा रही है। स्नातक सीट पर मतों की गणना में गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। यहां कमिश्नर डा राज शेखरए कानपुर नगर डीएम विशाख जी व कानपुर देहात डीएम नेहा जैन हर टेबल पर राउंड कर रही हैं। सभी एजेंट को मतों से जुड़ी हर एक जानकारी दी जा रही है। फ्टेए अंक न लिखे न होने पर एजेंट को इसकी पूरी जानकारी दी जा रही है। रूम से एक.एककर बैलेट बॉक्स मतगणना स्थल तक पहुंचाए जा रहे हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। दोनों चुनाव की मतगणना के लिए 14.14 टेबल लगाई गईं हैं। करीब 224 मतगणना कर्मी वोटों की गिनती में लगाए गए हैं। वैध मतपत्रों को अभ्यर्थीवार बंडल बनाकर प्रपत्र भरकर आरओ टेबल पर रखना है। हर उम्मीदवार प्रत्येक टेबल पर अपना एक एजेंट रख सकता है। समर्थक केंद्र के बाहर रहेंगे। एक कमरे में 56 कर्मी मतगणना करेंगे। 12 घंटे बाद शिफ्ट बदलने पर कर्मी भी दूसरे आ जाएंगे। गिनती लगातार चलती रहेगी बीच में रोकी नहीं जाएगी। शिक्षक और स्नातक सीट के लिए अलग.अलग मतगणना स्थल बनाए गए हैं। शिक्षक एमएलसी चुनाव में कानपुर नगर उन्नाव कानपुर देहात में 5599 पुरुष और 3379 महिलाओं ने मतदान किया। वहीं शिक्षक एमएलसी में 8417 पुरुषए 514 महिलाओं ने मतदान किया। शिक्षक में जिस प्रत्याशी को 6762 वोट मिलेंगे तो विजेता होगा। उसी तरह स्नातक में 4169 वोट मिलने वाला विजेता घोषित होगा। यदि प्रथम राउंड की मतगणना में किसी भी प्रत्याशी को इतने मत नहीं मिलते हैं तो दूसरी वरीयता के वोट के लिए फिर से मतगणना होगी।

## अरित्रा बागची द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। आईआईटी के छात्र अरित्रा बागची को बेस्ट पेपर अवार्ड कैटेगरी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड इंडियन जियोटेक्निकल सोसाइटी की ओर से वार्षिक राष्ट्रीय फ्लैगशिप प्रोग्राम में दिया गया। संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में पीएचडी कर रहे अरित्रा बागची ने न्यूमेरिकल स्टडी ऑन द एब्यूटमेंट बैकफिल सिस्टम सब्जेक्टेड टू लेट्रल लोडिंग पर अपना शोध पेपर प्रस्तुत किया। संस्थान के निदेशक प्रो अभय करंदीकर समेत सभी वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने बधाई दी है।

## जुगुल देवी में बालिका सम्मेलन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। आजाद नगर स्थित जुगलदेवी सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्र सेविका समिति की ओर से बालिका सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें 1 से अधिक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। शुभारंभ सरस्वती वंदना व आरती से हुआ। फिर बालिकाओं को नैतिक मूल्यों पर आधारित कहानियां सुनाई गईं। विभाग संपर्क प्रमुख डॉ पूनम द्विवेदी जिला कार्यवाहिका अंजली मिश्रा ने बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई का जीवन चरित्र सुनाने के साथ उससे सीख लेने की अपील की। बालिकाओं ने विभिन्न खेल व प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस मौके पर विजय स्वाति सिंह आदि मौजूद रहीं।

## बसपा पदाधिकारियों को बताये जरूरी दिशा निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर । बीएसपी मंडल कार्यालय नवीन मार्केट में जिला कमेटी कानपुर नगर की मासिक समीक्षा बैठक हुईए जिसमें मुख्य अतिथि राज कुमार कप्तान मंडल जोन इंचार्ज कानपुर मंडलए ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं को सेक्टर और बूथ स्तर पर गांव गांव और शहर के हर क्षेत्र में जनता तक पहुंच कर बीएसपी के जनहित में पूर्व में किए कार्यों के बारे में बता कर उन्हे पार्टी से जोड़ने का कार्य करे। जितेंद्र संखवार ने पदाधिकारियों को जरूरी मंडल जोन इंचार्ज दिशा निर्देश बताए ।



अनिल पाल मंडल जोन इंचार्ज ने कार्यकर्ताओं के विगत दिनों के कार्यों की समीक्षा की इस अवसर पर प्रवेश कुरील मंडल जोन इंचार्ज दीप सिंह जोन इंचार्ज पन्ना लाल जैसवार राम शंकर कुरील जिला अध्यक्ष बबलू चौधरी उपाध्यक्ष इमरान हाशमी महासचिव राम नारायण निषाद कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता राज बाला बाल्मीकि सौरभ गौतम दिनेश राणा ब्रिज मोहन गौतम चंद्र मोहन सोनकर अशोक पुष्कर संदीप कुरील सूरज गौतम प्रमोद गौतम रमेश पाल साहिद नूर आलम जवेंद्र गौतम आदि रहे।


**कानपुर विकास प्राधिकरण** — आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या-494, एल0आई0जी0 प्रथमतल डबल स्टोरी, सुजातगंज कानपुर क्षेत्रफल 45.96 वर्गमी0 (का 40 प्रतिशत) का आवंटन प्राधिकरण द्वारा श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री राधे लाल वर्मा के पक्ष दिनांक 05.11.1998 को किया गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के अनुसार श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री राधे लाल वर्मा का निधन दिनांक 10.01.2015 को हो चुका है जिसकी पुष्टि उपलब्ध कराये गये मृत्यु प्रमाण पत्र से होती है। उप जिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर कार्यालय से निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र संख्या- 4279/अह0 फौज0/2017 दिनांक 05.08.2017 के अनुसार मृतक स्व0 सरस्वती देवी के निम्नलिखित वारिसान है:- 1. श्री राधे लाल वर्मा मृतक का पति उम्र 64 वर्ष 2. पंकज वर्मा मृतक का पुत्र उम्र 41 वर्ष 3. श्रीमती रेशू वर्मा मृतक की पुत्री (विवा0) उम्र 38 वर्ष 4. श्रीमती ज्योति वर्मा मृतक की पुत्री (विवा0) उम्र 34 वर्ष उपरोक्त के अतिरिक्त मृतक के परिवार में अन्य कोई पारिवारिक सदस्य नहीं बतलाया गया है। उपरोक्त वारिसानों के क्रमांक सं0- 2 पर अंकित श्री पंकज वर्मा पुत्र श्री राधे लाल वर्मा के पक्ष में उक्त भवन का नामान्तरण किये जाने हेतु क्रमांक सं0- 1, 3 व 4 पर अंकित वारिसानों ने अपनी सहमति शपथपत्र दिनांक 14.07.2022 द्वारा दे दी है। उक्त सम्पत्ति पर यदि अन्य कोई वारिसान हो, जोकि अपना हक/अधिकार रखता हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यो सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें, निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार न करते हुए नियमानुसार आवेदक के पक्ष में नामान्तरण सम्बंधी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। **सत शुक्ला विशेष कार्याधिकारी (जोन-4)**



**ASIAN FERTILIZERS LIMITED**

CIN: L99999UP1986PLC007621

Regd. office: Flat No. 202, Preet Garden, 3A/172, Azad Nagar, Kanpur, 208002

Corporate office: P.W.D. officer's colony, Near Sahara Press, Park road, Gorakhpur-273001

E-mail. afl@asianfertilizers.com, investor@asianfertilizers.com

Phone: (0551) 2203421, 2202436, Website: www.asianfertilizers.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 (Listing Regulation), Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Asian Fertilizers Limited is scheduled to be held on 11th February, 2023, interalia, to consider and approve the unaudited financial results of the Company for the quarter ended 31st December, 2022.

The said notice may also be accessed on the Bombay Stock Exchange website at www.bseindia.com and company's website at www.asianfertilizers.com

FOR **ASIAN FERTILIZERS LIMITED**
SD/- Ashok Kumar Matanhelia
Managing Director
Din: 01763776

Place: Gorakhpur
Date: 03/02/2023